दिन– गुरूवार दिनांक– 15 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की चलाई गयी अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

02. खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज पटना में भव्य रंगारंग समारोह में समापन। महाराष्ट्र अट्ठावन स्वर्ण पदक के साथ ओवर ऑल चैम्पियन बना।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। राज्य के खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, ग्यारह रजत और अठारह कांस्य पदक समेत छत्तीस पदक जीते।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की चलाई गयी अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। श्री सिंह आज श्रीनगर में सेना के पंद्रह कोर बादामी बाग छावनी में सैनिकों को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। 35–40 वर्षों से भारत सरहद पार से चलाई जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया को ये साफ कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं।

रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के साहस, शौर्य और कुशलतापूर्वक की गई कार्रवाई की सराहना की।

———बाइट———

प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आप ने जो कुछ भी किया है, उस पर पूरे देश को गर्व की अनुभूति हो रही है। पहलगाम हमले के बाद जम्मू–कश्मीर की जनता ने पूरी एकजुटता के साथ और पाकिस्तान और साथ ही साथ आतंकवादियों के प्रति जिस प्रकार से अपने गुस्से का इजहार किया है, मैं जम्मू–कश्मीर की जनता का भी अभिनंदन करता हूं।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिया है। आज सहरसा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारने वाला देश है।

———बाइट———

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच पूरा राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सैन्य बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रृंखला शुरु की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था।

———रिपोर्ट———

हिमाचल प्रदेश के पालमपुर के निवासी कैप्टन विक्रम बत्रा ने भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया और उन्हें 13वीं बटालियन जम्मू और कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा की यूनिट को द्रांस सबसेक्टर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पर्वत शिखर प्वाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। सात जुलाई 1999 की रात को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के बावजूद कैप्टन बत्रा प्वाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़े। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे दुश्मन की ओर आगे बढे और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आक्रमण किया। कैप्टन बत्रा की बहादूरी की बदोलत भारत ने पाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा कर लिया लेकिन दुर्भाग्य से वे वीरगति को प्राप्त हो गए। युद्ध के दौरान उनका एक रेडियो संदेश यह दिल मांगे मोर बाद में कारगिल युद्ध का कैच लाइन बन गया।

उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

तमिलनाडु विधेयक मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायालय से सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में निर्धारित समय सीमा की व्यवस्था न होने पर भी क्या विधेयकों की मंजूरी के लिए राज्यपालों पर कोई समय सीमा तय की जा सकती है ? संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत राष्ट्रपति को विधि और लोक महत्व के मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की राय लेने का अधिकार है। एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

राष्ट्रपति ने 14 सवालों पर न्यायालय की राय पूछी है। इसमें कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेदों 200 और 201 जिसमें राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए विधेयकों की मंजूरी की प्रक्रिया निर्धारित की गई है, उसमें किसी तरह की समय सीमा या विशेष प्रक्रिया संबंधी आवश्यकताओं का उल्लेख नहीं है। राष्ट्रपति ने शीर्ष न्यायालय से पूछा है कि संविधान के अनुच्छेद–200 के अंतर्गत जब राज्यपाल को विधेयक मंजूरी के लिए भेजा जाता है उस समय उसके पास क्या संवैधानिक विकल्प है। इसके अतिरिक्त यह भी पूछा गया है कि अगर विधेयकों पर राज्यपाल द्वारा संविधान के अनुसार लिया गया फैसला न्यायसंगत हो, तो संविधान के अनुच्छेद–361 के तहत उनके फैसलों पर कब न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह रोका जा सकता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्देश पर सवाल उठाया है, जिसमें कहा गया है कि विधेयकों पर तय समयसीमा में मंजूरी न देने की स्थिति में उसे स्वीकृत मान लिया जाएगा। समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स– दो हजार पच्चीस का आज पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में भव्य रंगारंग समारोह में समापन हुआ। समापन समारोह में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

–––बाइट–––

चार मई से शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कई रिकॉर्ड बने। महाराष्ट्र वर्ष– दो हजार चौबीस का प्रदर्शन दोहराते हुए ओवर ऑल चैम्पियन बना। महाराष्ट्र की टीम ने अट्ठावन स्वर्ण, सैंतालीस रजत और तिरेपन कांस्य पदक जीते। महाराष्ट्र टीम के प्रमुख महादेव कासगावडे ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि टीम के प्रदर्शन का पूरा श्रेय खिलाड़ियों को जाता है।

–––बाइट–––

पदक तालिका में उनतालीस स्वर्ण के साथ हरियाणा दूसरे और राजस्थान चौबीस स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। बिहार की टीम ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छत्तीस पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में पंद्रहवें स्थान पर रहा। बिहार की टीम ने सात स्वर्ण, ग्यारह रजत और अठारह कांस्य पदक जीते हैं। बिहार को रग्बी, एथलेटिक्स और थांग–ता में दो–दो स्वर्ण पदक, जबकि सेपक टाकरा में एक स्वर्ण पदक मिला। पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राज्य को दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक मिले थे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि राज्य की खेल नीति के कारण बिहार का प्रदर्शन अच्छा रहा।

–––बाइट–––

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज जिला प्रशासन की अनुमति के बिना दरभंगा के आम्बेडकर छात्रावास पहुंचे। राहुल गांधी का शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों के साथ बातचीत का कार्यक्रम था, लेकिन जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने छात्रावास के पास बने मंच से छात्रों को संबोधित किया। श्री गांधी ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है।

पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और छात्रों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सही तरीके से जातीय जनगणना कराने और निजी संस्थानों में आरक्षण की मांग दोहराई।

———बाइट———

बाद में राहुल गांधी दरभंगा से पटना पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समर्थकों के साथ महान समाज सुधारक ज्योतिवाराव फुले पर आधारित एक फिल्म देखी।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने राहुल गांधी के दरभंगा दौरे को राजनीति से प्रेरित बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यह जवाब देना चाहिए कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में दलितों के लिए क्या कुछ किया।

———बाइट———

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि राहुल गांधी को दरभंगा टाउन हॉल कार्यक्रम के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन उन्होंने नियमों के विपरीत जाकर छात्रावास के पास कार्यक्रम किया।

———बाइट———

---

प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण आम जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज बांका और शेखपुरा जिले में लू की स्थिति बनी रही। वहीं, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, पटना, औरंगाबाद और जमुई समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की स्थिति रही। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की चलाई गयी अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

02. खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज पटना में भव्य रंगारंग समारोह में समापन। महाराष्ट्र अट्ठावन स्वर्ण पदक के साथ ओवर ऑल चैम्पियन बना।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। राज्य के खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, ग्यारह रजत और अठारह कांस्य पदक समेत छत्तीस पदक जीते।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।